सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ—226001

website:http://www.upavp.com Email: info@upavp.com

आवश्यक सूचना

उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद में पंजीकृत सभी सूचीबद्ध ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि परिषद में रू0 1.00 करोड़ अथवा अधिक की निविदाओं को दिनांक 26.01.2015 से नियोजित किये जाने हेतु 'ई—टेंडरिंग' प्रणाली लागू की जा रही है, जिसे राष्ट्रीय सूचना केन्द्र **(NIC)** के वेब पोर्टल **etender.up.nic.in** के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा।

परिषद में उक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार, जो भविष्य में परिषद में कार्य करने हेतु इच्छुक है, उन्हें निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र के साथ उ0 प्र0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0, लखनऊ के नाम से देय शुल्क के रूप में रू 7686/— (रू सात हजार छः सौ छियासी मात्र) का बैंक ड्राफ्ट तथा उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ के नाम से देय प्रोसेसिंग फीस के विरूद्ध रू0 1000/— (रू0 एक हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट, स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से विलम्बतम दिनांक 26.12.2014 तक श्री अनूप जोशी, प्रभारी (कम्प्यूटर सेल) एवं नोडल अधिकारी (ई—टेंडरिंग) मुख्यालय 104, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ को व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना होगा।

निर्धारित शुल्क सहित सही पाये गये आवेदन पत्र प्राप्त होने पर ही परिषद द्वारा उनके डिजिटल सिग्नेचर **(Digital Signature)** आवंटित कराते हुए उन्हें उपलब्ध करायें जायेंगें। तदुनसार पात्र ठेकेदारों को दिनांक 10.01.2015 से उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0 लखनऊ के माध्यम से आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाया जायेगा।

इस सन्दर्भ में विस्तृत सूचनायें एवं अन्य जानकारियाँ परिषद की वेबसाईट **upavp.com** तथा **टोल—फ्री नम्बर 1800—180—5333 अथवा उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0** की वेबसाईट **uplc.in** तथा **दूरभाष सं0 0522—4130303 (Ext. 307)** से प्राप्त की जा सकती है।

आवास आयुक्त